अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

03 सितम्बर 2025

# हम्फ्रीगंज पंचायत के इंदिरा नगर में डेयरी मवेशियों का वैज्ञानिक पद्धति से पालन एवं प्रबंधन पर प्रशिक्षण आयोजित

श्री विजय पुरम, 2 सितंबर

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए) और आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सहयोग से 30 और 31 अगस्त को दक्षिण अण्डमान के हम्फ्रीगंज ग्राम पंचायत के इंदिरा नगर में 'डेयरी मवेशियों का वैज्ञानिक पद्धति से पालन एवं प्रबंधन' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य दूध उत्पादन में वृद्धि, पशु स्वास्थ्य में सुधार और डेयरी किसानों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना था।

इसमें 37 डेयरी किसानों ने भाग लिया और आधुनिक पशु प्रबंधन पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा के संयुक्त निदेशक डॉ. अजय वर्मा, सीआईएआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश बाला, सीआईएआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. पेरुमल, डॉ. सुभाष पालवे, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन फार्म



परिसर, डॉलीगंज, डॉ. सतीश कुमार, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉलीगंज, मंगलूटान के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. लाहले निनाद साहेबराव, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, श्री अब्दुल मज़ीद, वरिष्ठ पशु चिकित्सा कंपाउंडर और श्रीमती शबाना कुलसुम ने डेयरी फार्मिंग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इंदिरा नगर में लगभग 236 मवेशी और 50 डेयरी किसान हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में प्रतिदिन 800–1000 लीटर ताजा दूध का योगदान करते हैं। प्रशिक्षण ने किसानों को दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों से लैस किया। ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज की समिति सदस्य श्रीमती कविता देवी ने गांव में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा की सराहना की।